तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024

14 ब्लॉक के स्कूलों में शिक्षकों की मानमानी...

14 विभिन्न विषयों पर हुई वाद विवाद प्रतियोगिता...




## खबर संक्षेप

### शराब पीने के लिए पैसा नहीं दिया तो डंडे से मारा

**महासमुंद।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए जाने पर बसना थाना क्षेत्र के ग्राम नरसिंगपुर में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। ग्राम नरसिंगपुर वार्ड नं. 06 निवासी विकास कुमार ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को सुबह करीबन 10:30 बजे वह अपने दुकान से घर नाश्ता करने जा रहा था। जयंती घर के सामने पहुंचने पर ग्राम जगदीशपुर निवासी वर्गीस कुमार ने शराब पीने के लिये पैसे मांगा। विकास ने पैसा नहीं है कहा तो आवेश में आकर वर्गिस ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े बांस के डंडे से वार कर दिया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी वर्गीस कुमार के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### वाहन चालक और आरक्षक को चकमा देकर आरोपी फरार

**महासमुंद।** सरायपाली थाने में आबकारी अभिरक्षा से फरार होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है कि आरोपी वाहन से उतरते वक्त चालक और आरक्षक को चकमा देकर फरार हो गया। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, आबकारी वृत्त सरायपाली द्वारा मंगलवार के दिन ग्राम नूनपानी में आरोपी मधुसूदन साहू पिता कौशल साहू (29 वर्ष) निवासी नूनपानी के रिहायशी मकान से 20 बल्क लीटर एवं 550 किलोग्राम महुआ लाहन तथा मदिरा निर्माण सामग्री बरामद किया गया था और आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) ए, एफ,इ, 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया था। आरोपी को न्यायालय में पेश किए जाने हेतु सीएचएसी सरायपाली में चिकित्सक से शारीरिक परीक्षण कराया गया। इसके पश्चात आबकारी नियंत्रण वृत्त सरायपाली में सीजी 06 जीपी 4120 वाहन से उतरते वक्त दोपहर करीब 2:30 बजे चालक एवं आरक्षक राज किशोर पांडे को चकमा देकर आरोपी फरार हो गया। सरायपाली थाने में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 262 के तहत अपराध कायम किया है।

### स्कूल में हुआ साइबर जनजागरुकता कार्यक्रम

**महासमुंद।** शासकीय आशी बाई गोलछा हायर सेकंडरी स्कूल में एनएसएस इकाई द्वारा सायबर जनजागरुकता पखवाड़ा के तहत सायबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में बच्चों को सायबर क्राइम तथा उसे रोकने के लिए उठाए गए उपायों के बारे में पुलिस विभाग से आए हुए प्रधान आरक्षक सुचित्रा विदानी, महिला आरक्षक अन्नू भोई तथा चित्ररेखा नवरंगे द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मधुमति चंद्राकर तथा आभार प्रदर्शन व्याख्याता खोमन लाल चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता विमल कुमार मन्नाडे, विवेक राहटगांवकार, ज्योति चंद्राकर, पूजा साहू, अनिता साहू, आयशा लतीफ़ आदि का सहयोग रहा।

### ट्रैक्टर की ठोकर से दो छात्राएं घायल

**महासमुंद।** सायकल से कॉलेज जा रही दो छात्राओं को बागबाहरा से झलप रोड चिन्मय ट्रेडर्स के सामने ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी, हादसे में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ग्राम सुनसुनिया निवासी राहुल कुमार ओगरे ने पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर को उसकी बहन प्रतिमा ओगरे और उसकी सहेली द्रोपती नायक अपनी-अपनी सायकल से सुनसुनिया से शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा जा रहे थे।

# मतदाता सूची तैयार: जिले के 8 नगरीय निकायों में 120439 मतदाता

## नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन के लिए मतदाता सूची का हुआ प्रारंभिक प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचक नामावली निर्माण के अनुक्रम में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन बुधवार को जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में किया गया। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन अनुसार जिले के 8 नगरीय निकायों में कुल 120439 मतदाता हैं, जिसमें 58916 पुरुष व 61511 महिला एवं 12 अन्य मतदाता शामिल हैं। उन्होंने दावा एवं आपत्तियों के लिए निर्धारित तिथि एवं दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु निर्धारित स्थलों की भी जानकारी दी। उन्होंने शुद्ध एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची निर्माण पर जोर देते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन या अन्य सुधार हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करने की अपील की। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार के 21 वार्डों में 10763 पुरुष एवं 11346 महिला कुल 22109 मतदाता हैं। नगरपालिका परिषद भाटापारा के 31 वार्डों में 23991 पुरुष व 25360 महिला तथा 11 अन्य कुल 49362 मतदाता, नगर पंचायत सिमगा के 15 वार्डों में 5873 पुरुष व 6097 महिला कुल 11970 मतदाता, नगर पंचायत पलारी के 15 ▶▶| शेष पेज 13 पर




### अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर को

मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के सम्बन्ध में दावा आपत्ति 23 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित स्थल पर किया जा सकता है। प्रारूप क –1 रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 4 नवम्बर, दावा आपत्ति निराकरण करने की अंतिम तिथि 8 नवम्बर 2024 तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 22 नवम्बर निर्धारित किया गया है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल निर्धारित प्रारूप में निर्वाचक एजेंट नियुक्त कर सकेंगे। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के राज्य इकाई के अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारी एक जिला प्रतिनिधि को जिले में निर्वाचक नामावली एजेंटों की नियुक्ति के लिए अधिकृत कर सकेंगे।

## टास्क फोर्स की बैठक में दी अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर कार्रवाई की जानकारी

# जिले में खनिज के 236 प्रकरणों में 2 करोड़ 42 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में खनिज के अवैध खनन, परिवहन एवं भडारण संबंधित गठित जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक हुई। बैठक में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम के चर्चा की गई। विशेष रूप से जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण रोक लगाने हेतु कड़ाई से पालन किये जाने खनिज एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया है। खनिज रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण करते पाये जाने वाले वाहनों पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अवैध खनिज परिवहन पर लगाम लगाने के लिए अनुविभाग स्तर में टास्क फोर्स की 5 टीम गठन करने का भी निर्णय लिया गया। उक्त टास्क फोर्स में खनिज, पुलिस, वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहेंगे। इसके साथ ही खनिज परिवहन करने वालों वाहनों में ओवर लोडिंग की शिकायत अधिक प्राप्त होती है, जिस पर परिवहन विभाग को सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में श्री सोनी ने कहा कि किसी भी दशा में रेत का अवैध उत्खनन परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसी प्रकार यदि वन क्षेत्र से खनिजों का उत्खनन परिवहन की रोकथाम हेतु आवश्यक जांच एवं कार्रवाई के निर्देश वन विभाग को गया है।

### लक्ष्य के विरूद्ध मिले 146 करोड़ 15 लाख रुपए

बैठक में जिला खनिज अधिकारी कुन्दन कुमार बंजारे ने बताया कि जिले में इस वित्तीय वर्ष में राज्य शासन द्वारा निर्धारित वित्तीय लक्ष्य 340 करोड़ के विरूद्ध माह 10 अक्टूबर की स्थिति में 146 करोड़ 15 लाख (42.98 प्रतिशत) की प्राप्ति की जानकारी दी गई। जो कि पिछले वित्तीय वर्ष के तुलना में 2 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन भण्डारण की जानकारी के रुप में अवैध उत्खनन के कुल दर्ज प्रकरणों में समस्त प्रकरणों का निराकरण करते हुए एवं राज सात की कार्रवाई करते हुए 2 करोड़ 42 लाख 64 हजार रूपये अर्थदण्ड की वसूली की गई है। इसमें अवैध परिवहन के 183 प्रकरणों में 39 लाख 11 हजार 395 रूपये एवं अवैध भण्डारण के 6 प्रकरण में 11 लाख 75 हजार 360 रुपये अर्थदण्ड शामिल हैं। 15 अक्टूबर से नियमानुसार जिले में संचालित होने जा रहे रेत के खदानों पर बारीक नजर रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश के साथ ही जिन ग्राम पंचायतों में रेत खदानों का संचालन ठेका के माध्यम से किया जाना प्रस्तावित है। उन ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी,अनुविभागीय अधिकारी (रा) बलौदाबाजार एवं कसडोल के उपस्थिति में उप–संचालक के स्तर पर बैठक आयोजित कर नियमानुसार रेत खदान संचालन कराए जाने को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, एडिशनल एसपी अभिषेक सिंह, पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी पीके रबड़े, समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सहित परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# विभिन्न योजनाओं में रोजगार के लिए काउंसिलिंग कैंप आज से

PMKVY
प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कौशल पखवाड़ा के तहत जिला प्रशासन ने की पहल

जिले में संचालित केन्द्र तथा राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं यथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जन मन योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम, योजना के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कौशल प्रशिक्षण के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति, प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रगति लाने तथा ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच बनाने के उद्देश्य से जिले में 14 से 30 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कौशल प्रशिक्षण हेतु युवाओं को कांउसिलिंग कर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्मिलित कराकर उन्हें रोजगार-रोजगार हेतु सक्षम बनाने का प्रयास किया जायेगा। जिस हेतु मोबाईजेशन एवं काउंसिलिंग कैम्प आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड में किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन आज प्रातः 11 से 4 बजे तक लाईवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार, 18 अक्टूबर जनपद पंचायत भाटापारा, 21 अक्टूबर जनपद पंचायत सिमगा, 22 अक्टूबर ग्राम पंचायत भवन हथबंद, 22 अक्टूबर जनपद पंचायत पलारी, 23 अक्टूबर ग्राम पंचायत सण्डी (मुड़पार), 24 अक्टूबर जनपद पंचाय उनत कसडोल, 25 अक्टूबर शासकीय आई.टी.आई.असनींद, 25 अक्टूबर जनपद पंचायत बलौदाबाजार एवं 28 अक्टूबर ग्राम पंचायत भवन तरेंगा में आयोजित किया जायेगा।

# देवसुंद्रा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का किया लोकार्पण



- प्रधानपाठक ने बच्चों को परोसा न्योता भोज

**पलारी।** शरद पूर्णिमा पर बुधवार को विकासखंड के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला देवसुंद्रा के अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण सरपंच केशरी बाई पाणिग्रही के मुख्य आतिथ्य एवं उपसरपंच बालमुकुंद यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सरपंच ने 8 लाख से निर्मित अतिरिक्त कक्ष भवन का विधिवत पूजा पाठ कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर सरपंच ने कहा कि स्कूल में अतिरिक्त कक्ष ▶▶| शेष पेज 13 पर



# छात्रों ने मिसाइल मेन व पूर्व राष्ट्रपति कलाम को किया याद

**पलारी।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वटगन के छात्र छात्राओं ने विश्व में मिसाईल मेन के नाम से प्रसिद्ध पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम को उनके जन्म दिन पर याद किया गया। मेनका साहू व कुम कुम साहू द्वारा ब्लैक बोर्ड पर कलाम जी छाया चित्र बनाकर उसके जीवन पर प्रकाश डाला प्रभारी प्राचार्य बीएल ढीढी ने भी उसके सादगी पूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एमके वैष्णव, टीके साहू, प्रदीप साहू सहित छात्र संघ प्रमुख अरुण बांधे वर्षा शर्मा, दिव्या चंद्राकर, रेशम साहू और समस्त छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## हत्याकांड से बढ़े तनाव को सुलझाने पुलिस ने बुलाई शांति समिति की बैठक

# पुरानी परम्परा को कायम रखने लांजा के ग्रामीण हुए एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

- बैठक में सभी समाज के प्रमुख सदस्य हुए शामिल



ग्राम लांजा में बुजूर्ग की हत्या के बाद कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाने प्रशासन ने शांति समिति की बैठक रखी। बुधवार की शाम 5 बजे समीपस्थ ग्राम लांजा में तहसीलदार सिमगा अनिरुद्ध मिश्रा, थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे एवं ग्राम प्रमुखों तथा स्थानीय पत्रकारों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दशहरा की रात गांव में एक बुजूर्ग की हत्या के पश्चात गांव का माहौल अशांत हो गया था। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने लांजा में बल तैनात किया है। किसी भी प्रकार की अशांति से गांव का वातावरण खराब न हो ▶▶| शेष पेज 13 पर

## जिले के हितग्राहियों का 31 अक्टूबर तक ई केवाईसी पूर्ण करने का लक्ष्य

# ई केवाईसी के लिए आज और कल शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

एक राष्ट्र एक राशन कार्ड के लिए शत प्रतिशत ई केवाईसी अनिवार्य है। इसके तहत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में राशन दुकान में 17 एवं 18 अक्टूबर को विशेष शिविर का आयोजन राशन दुकानों में किया जाना है। कलेक्टर ने सभी जिला वासियों से 31 अक्टूबर तक ई केवाईसी कराने की अपील की है। वर्तमान में जिले में 3 लाख 67 हजार 7 राशनकार्ड प्रचलित है, जिसमें 12 लाख 91156 सदस्य दर्ज है, जिसमें से 10 लाख 77 हजार 153 सदस्यों का ई केवाईसी पूर्ण हो चुका है। अभी तक 2 लाख 14 हजार 3 सदस्यों का ई केवाईसी किया जाना शेष है। योजनांतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार राशनकार्ड में दर्ज सदस्यों का माह 31 अक्टूबर तक 100 प्रतिशत ई–केवायसी पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। ई–केवायसी नहीं होने के कारण राशनकार्ड नवीनीकरण नहीं हो रहा है।



साथ ही राशनकार्ड हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण व उठाव में समस्या हो रही है। विकासखण्ड वार शेष सदस्यों की सूची संलग्न है। 17 एवं 18 अक्टूबर को शासकीय उचित मूल्य दुकान में विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। शेष सदस्य जिसका ई–केवायसी नही हुआ है, ऐसे हितग्राहियों की सूची उचित मूल्य दुकान के सूचना पटल पर चस्पा हेतु विक्रेताओं को दिया जा चुका है।

### गांवों और वार्डों में करायी गई मुनादी

*ई–केवायसी किये जाने हेतु पंचायत एवं वार्ड स्तर पर व्यापक प्रचार–प्रसार किया जावें साथ ही ग्राम स्तर एवं वार्ड के हितग्राहियों को मुनादी कराकर ई–केवायसी किया जाना अनिवार्य के संबंध में अवगत करावें, साथ ही 10 वर्ष से कम और 60 वर्ष से अधिक राशनकार्ड हितग्राहियों का आधार अपडेट नहीं हुआ है। ऐसे हितग्राहियों को नजदीकी आधार केन्द्र से आधार अपडेट कराने हेतु मुनादी कराकर सूचित करें।*

# रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्यता सूची जारी

**बलौदाबाजार।** रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा की साधारण सभा की बैठक एवं प्रबंध समिति का गठन 13 नवंबर को प्रस्तावित है। इसके लिए जिला शाखा बलौदाबाजार के संरक्षक, उपसंरक्षक एवं सदस्यों की सूची का प्रकाशन 15 अक्टूबर को किया गया है। उक्त सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा के सामने सूचना पटल पर लगायी गई है। सभी सदस्य सूची का अवलोकन कर सकते हैं। यदि किसी भी सदस्य को प्रकाशित सूची में दावा करना हो तो आवेदन के साथ सदस्यता सूची के रशीद जमा करेंगे। प्राप्त आवेदनों के अनुसार सदस्यों के पुनः सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### 256 अनाधिकृत निर्माण किए गए नियमित

**रायपुर।** कलेक्टर डा. गौरव सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण प्राधिकार समिति की बैठक हुई। इस बैठक में 256 प्रकरणों का निराकरण करते हुए अनाधिकृत निर्माण को नियमित करने के प्रस्ताव को पारित किया गया। बैठक के दौरान कलेक्टर सभी प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनाधिकृत निर्माणों के लंबित प्रकरणों का जल्द से जल्द चरणबद्ध तरीके से निपटारा करे। उन्होंने कहा कि नियमों के सरल होने के बाद से नियमितिकरण आसान हुआ। इसके बाद तेजी के साथ प्रकरणों का निराकरण करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एडीएम देवेंद्र पटेल समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सूत्रों के नियमितीकरण प्राधिकरण समिति की बैठक होने से पूर्व रायपुर नगर निगम क्षेत्र में अनाधिकृत निर्माण को नियमितीकरण कराने के लिए करीब पांच हजार प्रकरण लंबित थे।

### सड़क स्वीकृति के लिए सीएम का आभार

**रायपुर।** पश्चिम विधानसभा को फिर चमकाने में जुटे पूर्व मंत्री तथा दिग्गज भाजपा नेता राजेश मूणत के प्रयासों पर सीएम विष्णुदेव साय ने मुहर लगाते हुए गुढ़ियारी को एक और फोरलेन सड़क प्रदान कर दी है। यह सड़क शुक्रवारी से शुरू होकर प्लेटफार्म-5 स्थित रेलवे फाटक को जोड़ेगी तथा पूरी तरह फोरलेन होगी। अभी यह सड़क कई जगह बेहद संकरी है। लगभग पौन किमी की इस सड़क के निर्माण के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने 26.52 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। सड़क निर्माण की मंजूरी और फंड मंजूर करने के लिए पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने सीएम विष्णुदेव साय, और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा, रायपुर पश्चिम क्षेत्र में सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर और बढ़ाने के लिए और बड़ी कोशिशें की जाएंगी।

### महाराष्ट्र चुनाव में भूपेश और टीएस पर्यवेक्षक नियुक्त

**रायपुर।** महाराष्ट्र चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। श्री बघेल को विदर्भ रीजन और श्री सिंहदेव को पश्चिमी महाराष्ट्र की जिम्मेदारी दी गई है।

### जेसीआई सुपर चैप्टर के 13 अध्याय अध्यक्ष घोषित

**रायपुर।** भारतीय जूनियर चैंबर मंडल-9 के अंतर्गत रायपुर में जेसीआई के 2025 के लिए 13 अध्याय अध्यक्षों की घोषणा जेसीआई सुपर चैप्टर के फाउंडर एवं चेयरमैन राजेश अग्रवाल द्वारा की गई, जिसमें वर्ष 2025 अध्यक्ष, सचिव, अध्याय प्रभारी और को-ऑर्डिनेटरों की नियुक्ति की गई, जिसमें जेसीआई रायपुर कैपिटल के अध्यक्ष जेसी हेमंत यादव और सचिव गौरव कोठरिया को बनाया गया। इसी प्रकार जेसीआई वामा कैपिटल की अध्यक्ष जेसी आस्था बाफना, सचिव जेसी खुशी कुंभारे, जेसीआई रायपुर संस्कार के अध्यक्ष आदित्य सिंह टिकरिहा आदि को बनाया गया।

# सूरजपुर की घटना : सरकार और पुलिस तंत्र पर सिंहदेव ने उठाया सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा, पूरे प्रदेश के जैसे सूरजपुर जिले में लगातार आपराधिक घटनायें बढ़ गयी हैं। महिलायें, बच्चियां सुरक्षित नहीं हैं। सूरजपुर में अत्यधिक वीभत्स घटना रविवार रात की है, जहां एक जिला बदर अपराधी ने पुलिस कर्मी के घर में घुसकर उनकी पत्नी और 12-13 साल उम्र की बच्ची की नृशंस हत्या कर दी। कम से कम 15 से 20 वार उनकी पत्नी के शरीर पर और पुत्री के शरीर व गले में किसी धारदार औजार से हमला कर निर्ममता से हत्या की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि एक जिला बदर व्यक्ति कैसे जिले में घूम रहा था?

### दुर्गा पूजा में तलवार भांजते देखा गया

टीएस ने कहा, जिलाबदर व्यक्ति के बारे में लोगों ने बताया दुर्गा पूजा के कार्यक्रम के दरमियान तलवार भांजते हुए भी देखा गया। जिस रात की घटना हुई उस रात हवलदार को फोन करके वो बोलता है कि मैं थाने के पास खड़ा हूं तुम आ जाओ। हवलदार वहां पहुंचते हैं, उस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करता है। थाने वाले लोग बताते हैं कि करीब 9.40 के आसपास की यह घटना है। इसके बाद वो रात को घर पहुंचता है, संभवतः साढ़े 11 बजे के आसपास और यह इस वीभत्स घटना को अंजाम देता है।



### 10 माह में कानून व्यवस्था लचर- महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने प्रदेश मे लगातार घट रही आपराधिक घटनाओ पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सुशासन का राग अलापने वाली भाजपा सरकार मे लगातार घटनाओं से प्रदेश भयभीत है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से कभी भी क़ानून व्यवस्था इतनी लचर नहीं रही, जितनी पिछले दस महीने मे हो गयी है।

### मामूली विवाद में एक व्यक्ति को छत से फेंका

इतना ही नहीं दुर्गा सप्तमी के दिन एक कार्यक्रम हो रहा था जिसमें शहनाज अख्तर का कार्यक्रम था। कुछ लोग घरों के ऊपर से कार्यक्रम देख रहे थे। ये जो हत्यारा कुलदीप साहू और इसका बड़ा भाई संदीप साहू भी कार्यक्रम को ऊपर से देख रहे थे। एक व्यक्ति के साथ वाद-विवाद होता है। ये लोग उसको ऊपर से नीचे फेंक देते हैं।

क्या यही पुलिस तंत्र की व्यवस्था छत्तीसगढ़ में कायम है? किसके संरक्षण में घूमने दिया जाता है? दुर्गा पूजा में भाग लेने दिया जाता है, विसर्जन में जाता है। पुलिस वाले को चुनौती देता है। खौलते हुए तेल की कढ़ाई एक के ऊपर फेंकता है। दूसरे को बुलाकर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास करता है। शासन-प्रशासन ऐसा पंगु दिखता है, ऐसा निष्क्रिय और नाकाबिल दिखता है कि दो महिलाओं की, एक मां की और एक बच्ची की हत्या हो जाती। जिला बदर अपराधी इसके पूर्व जिले में घूमता हुआ पाया जाता है। पुलिस की लापरवाही से जिला बदर बदमाश खुले में घूम रहा था। उसने दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया।

### 40 नेता इस समय भी वहां पर अपनी जिम्मे वाली विधानसभाओं में कर रहे हैं काम

# झारखंड-महाराष्ट्र चुनाव के लिए भी प्रदेश के 60 से ज्यादा नेताओं को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाराष्ट्र और झारखंड में अगले माह होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने छत्तीसगढ़ के 60 से ज्यादा नेताओं को वहां की विधानसभाओं की जिम्मेदारी दी है। इसमें से कई नेता महाराष्ट्र और झारखंड का लगातार दौरा कर रहे हैं। इसी के साथ 40 से ज्यादा नेता इस समय भी अपनी जिम्मे वाली विधानसभाओं में काम कर रहे हैं। झारखंड में तो प्रदेश के कई मंत्रियों को भी जिम्मा दिया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वहां पर सभाएं लेने के साथ रोड शो भी कर चुके हैं। चुनाव का ऐलान होने के बाद अब एक-दो दिनों में प्रदेश के मंत्री भी झारखंड जाएंगे। इसी के साथ मुख्यमंत्री साय का भी वहां का लगातार दौरा होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने काफी पहले से उन राज्यों में चुनाव की तैयारी प्रारंभ कर दी थी जहां पर चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ था। ऐसे राज्यों में महाराष्ट्र और झारखंड का भी नाम है। अब तो इन राज्यों में मंगलवार को चुनाव का ऐलान भी हो गया है। इन राज्यों के लिए छत्तीसगढ़ के कई नेताओं को जिम्मा दिया गया है।

### महाराष्ट्र में इनको जिम्मा



महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ के जिन नेताओं को जिम्मा दिया गया है, उनमें प्रदेश के महामंत्री रामजी भारती को संभाजीनगर शहर का जिम्मा दिया गया है। अन्य नेताओं में पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय को धाराशिव, संतोष उपाध्याय, नंदकुमार राणा, गोपाल विष्ठ को लातूर ग्रामीण, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, श्रवण मरकाम को बीड, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को संभाजीनगर दक्षिण, निरंजन सिंहा को संभाजीनगर उत्तर, कोमल जंघेल को जालना ग्रामीण, पूर्व विधायक नंदे साहू को परभणी ग्रामीण, वीरेंद्र कुमार साहू को हिंगोली, पूर्व विधायक रंजना साहू नांदेड़ दक्षिण, आशु चंद्रवंशी को नांदेड़ उत्तर, विक्रांत सिंह को नांदेड़ उत्तर का जिम्मा दिया गया है। इनमें से ज्यादातर नेता इस समय महाराष्ट्र में ही है। जो नेता वहां का दौरा करने के बाद लौट आए हैं, वो भी एक-दो दिनों में जाएंगे और वहां पर दीपावली के पहले तक पर रहेंगे।

### झारखंड में इनको जिम्मा



*झारखंड के लिए प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडेय, विजय बघेल, विधायक भावना बोहरा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को वहां पर कई विधानसभाओं का जिम्मा देकर क्लस्टर प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश के मंत्री ओपी चौधरी को रामगढ़ और हजारीबाग जिले के विधानसभा की जिम्मेदारी मिली है। डिप्टी विजय शर्मा को गिरिडीह की जिम्मेदारी मिली है। सांसद विजय बघेल को सरायकेला, खरसावां के साथ चाईबासा की जिम्मेदारी दी गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को 4 विधानसभा सीटों का प्रभार दिया गया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल को जमशेदपुर की चार विधानसभाओं की जिम्मेदारी मिली है। विधायक भावना बोहरा को यहां पर ग्रामीण का प्रभार दिया गया है। इसी के साथ और कई नेताओं को वहां का जिम्मा दिया गया है।*

# रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय संबंधी विभिन्न विषयों पर सांसद बृजमोहन ने की चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल मंगलवार को नई दिल्ली में लोकसभा सचिवालय में रसायन और उर्वरक संबंधी स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुए और विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। समिति ने उन विषयों को जिन्हें पूर्व समिति द्वारा विचार के लिए लिया गया था, परंतु जिनके संबंध में समिति जांच पूरी नहीं कर सकी थी और उन पर प्रतिवेदनों को प्रस्तुत नहीं कर सकी थी, पर चर्चा हुई। समिति का क्षेत्राधिकार रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के निम्नलिखित विभाग इस समिति के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत उर्वरक विभाग, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग और औषध विभाग आते हैं। समिति के कार्य रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के तीनों विभागों की अनुदानों की मांगों पर विचार करना और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है। साथ ही रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय से संबंधित ऐसे विधेयकों की जांच करना जो अध्यक्ष, लोकसभा अथवा सभापति, राज्यसभा द्वारा, यथास्थिति, समिति को सौंपे गए हैं और उनके संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है।

■ लोकसभा की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति की बैठक में शामिल हुए सांसद

2023-24 के कार्यकाल के दौरान, समिति ने आठ प्रतिवेदन, अर्थात दो विषय संबंधी प्रतिवेदन और रसायन और उर्वरक मंत्रालय के तीन विभागों से संबंधित छह पर की गई कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान समिति ने विस्तृत जांच हेतु 15 विषयों यथा उर्वरक विभाग से संबंधित 5 विषयों, रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग से संबंधित 6 विषयों और औषध विभाग से संबंधित 4 विषयों का चयन किया गया है।

# 16 रेंजर, 45 डिप्टी रेंजरों को दीपावली गिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन विभाग के 16 रेंजर तथा 45 डिप्टी रेंजरों को राज्य सरकार ने बड़ी दीपावली गिफ्ट दिया है। राज्य शासन ने इन रेंजर तथा डिप्टी रेंजरों का प्रमोशन करते हुए एसडीओ तथा रेंजर के पद पर पदोन्नत किया है। वन विभाग में दो साल के बाद रेंजर तथा डिप्टी रेंजरों की प्रमोशन लिस्ट जारी की गई है। रेंजर तथा डिप्टी रेंजर का प्रमोशन होने के बाद निचले स्तर के कर्मचारियों को भी शासन स्तर पर 15 साल से अटकी वेतनवृद्धि मिलने की आस है। जिन वनक्षेत्रपालों का प्रमोशन किया गया है, उनका स्थानांतरण आदेश भी जारी किया गया है। शासन के आदेश पर जिन रेंजरों का प्रमोशन किया गया है, उनकी सूची इस प्रकार से है- संदीप सिंह प्रभारी राज्य स्तरीय उड़न दस्ता से वन बल कार्यालय,बृजलाल देवांगन वन मंडल दंतेवाड़ा से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर, तोषी वर्मा परिक्षेत्र अधिकारी कोरबा से वन मंडल कार्यालय कोरबा, दुरपति सिदार धर्मजयगढ़ वनमंडल से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक बिलासपुर, द्रोपति राजनंदगांव से उप वन मंडल अधिकारी दंतेवाड़ा, आसमान सिंह

■ रेंजर बने एसडीओ, डिप्टी रेंजर पदोन्नत होकर बने रेंजर




इंद्रावती टाइगर रिजर्व से कार्यालय सुकमा वन मंडल, संतोष कुमार पाण्डेय परिक्षेत्र अधिकारी रामानुजगंज, बलरामपुर से कार्यालय वन मंडल अधिकारी बलरामपुर, घासीराम कोर्राम नारायणपुर से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन नारायणपुर, सुखदास नाग सुकमा से अधीक्षक इंद्रावती टाइगर रिजर्व, अनिल कुमार बोमार्डे राजनांदगांव से कार्यालय मुख्य वन संरक्षक कार्यालय दुर्ग, रामभरोस सोनवानी सुकमा से प्रबंध संचालक जिला यूनियन सुकमा, दिलीप कुमार सिन्हा भानुप्रतापपुर पश्चिम से उप वन मंडल अधिकारी अनुसंधान एवं विस्तार केंद्र जगदलपुर, रामशरण राम बलरामपुर से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन सूरजपुर, पुष्पेंद्र कुमार साहू बलौदा बाजार से कार्यालय वन मंडल अधिकारी राजनंदगांव, तरुण तिवारी गरियाबंद से प्रभारी अधिकारी रायपुर, गुलशन कुमार साहू सुकमा से उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन जगदलपुर स्थानांतरण किया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास शहरी एएचपी के आवासों का भौतिक सत्यापन, 40 अफसरों की टीम प्रदेशभर में करेगी जांच

### उपमुख्यमंत्री साव ने दिए थे जांच दल बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी घटक के तहत बन रहे करीब 60 हजार आवासों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इस काम के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में इस जांच के लिए 40 अफसरों की एक टीम बना दी है। खास बात ये है कि उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग के भारसाधक मंत्री अरुण साव ने पिछले महीने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में निर्देश दिए थे। अब जांच दल का गठन किया गया है।

■ सभी निकायों के लिए 4-4 अफसरों का दल गठित






### जांच प्रतिवेदन इस तरह बनेगा

निर्देश के मुताबिक जांच दल भागीदारी में किफायती आवास( एएचपी) घटक का कार्य अनुबंध के प्रावधानों के अनुरूप तय करते हुए कार्यों की गुणवत्ता, सामाग्रियों की टेस्ट रिपोर्ट, सुरक्षा संबंधी उपाय, एजेंसी द्वारा बंद कार्यों में अनुबंध के मुताबिक वांछित कार्यवाही के विरुद्ध निकाय द्वारा की गई कार्यवाही, स्वीकृत आवासों, के आवंटन एवं पूर्ण आवासों के व्यवस्थापन तथा अन्य आनुषांगिक विषयों के संबंध में निकायों द्वारा की जा रही कार्यवाही को रिपोर्ट में शामिल करेंगे। इसके साथ ही योजना के क्रियान्वयन के लिए निकाय में होने वाली कठिनाईयों और उनके निराकरण के उपाय भी रिपोर्ट में रखेंगे।

### जारी हुआ ये आदेश

*नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राज्य के सभी नगर पालिका निगमों में जहां ये आवास बन रहे हैं, उनकी जांच के लिए चार-चार अधिकारियों के दल बनाए गए हैं। इसमें संयुक्त संचालक, सहायक संचालक,उप संचालक, कार्यपालन अभियंता, तथा एसएलटीसी विशेषज्ञ शामिल किए हए हैं। यह जांच दल निरीक्षण प्रतिवेदन मुख्यकार्यपालन अधिकारी सूडा को पेश करेंगे।*

### सभी निगम क्षेत्रों में हो रहा है निर्माण

*इस योजना में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि आवास जल्द से जल्द वितरित किए जा सकें। छत्तीसगढ़ की कई शहरी क्षेत्रों में यह योजना विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें दुर्ग, रायपुर, और बिलासपुर जैसे प्रमुख शहर शामिल हैं। प्रदेश के सभी निगम क्षेत्रों में ये मकान बनाए जा रहे हैं।*

### अब तक हो चुकी है 60 हजार आवास की मंजूरी

*छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत, (अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप) परियोजना के तहत बड़ी संख्या में आवास निर्माण हो रहे हैं। राज्य में अब तक लगभग 60,000 नए आवासों को मंजूरी दी जा चुकी है। इसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए मकान बनाए जा रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में किफायती दरों पर आवास प्रदान करना है, और इसके तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल का भी उपयोग किया जा रहा है, ताकि निजी क्षेत्र से भी जुड़ाव हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगढ़ की कई परियोजनाएं जारी हैं, जिनमें राज्य सरकार और केंद्र सरकार की ओर से आवासों के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। केंद्र और राज्य के बीच 60:40 के अनुपात में वित्तीय साझेदारी है, जिससे हर पात्र परिवार को 2.5 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है।*

### संगठनात्मक और जनहित के मुद्दों में हम भाजपा से ज्यादा मजबूत- बैज

# दक्षिण उप चुनाव में कांग्रेस-भाजपा ने किए जीत के दावे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर दक्षिण विधानसभा के उपचुनाव की तिथि की घोषणा के बाद कांग्रेस और भाजपा ने जीत के दावे किए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इसका स्वागत करते हुये कहा, कांग्रेस चुनाव में जाने के लिये पूरी तरह से तैयार है। अबकि बार हम दक्षिण में नया इतिहास रचेंगे। जनता के आशीर्वाद से यहां से कांग्रेस का प्रत्याशी चुनाव जीतेगा। दक्षिण विधानसभा का चुनाव में साय सरकार के 11 माह के कुशासन के खिलाफ जनता मतदान करने को तत्पर है। उन्होंने कहा, 11 माह में राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था भाजपा की वायदाखिलाफी, सरकार का कुशासन बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। कोई सरकार 11 माह के अल्प समय में ही इतनी ज्यादा अलोकप्रिय साबित हो सकती है, इसका उदाहरण छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार है। जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है, अतः जनमानस भाजपा के खिलाफ है। उन्होंने कहा, आम आदमी भाजपा के राज में अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा, दक्षिण के उपचुनाव के लिये कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक तैयारी भी पूरी है। सभी 19 वार्डों में पार्टी की बूथ कमेटियां चुनाव में जाने को मुस्तैद है। वार्ड स्तर पर जिम्मेदारी दी जा चुके है, लगातार कार्यकर्ताओं की बैठकें जारी है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में दक्षिण उपचुनाव को लेकर उत्साह है।

■ 11 माह की साय सरकार की नाकामी चुनाव में बड़ा मुद्दा- कांग्रेस

### रिकार्ड मतों से जीतेंगे- श्याम बिहारी



चुनाव प्रभारी और मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चुनावी तारीखों के ऐलान के बाद कहा, भाजपा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। रायपुर दक्षिण का उप चुनाव विशेष है। अब तक बृजमोहन लड़ते रहे हैं, इस बार नया चेहरा चुनाव लड़ेगा। दक्षिण उप चुनाव क्रो हम रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। कांग्रेस की तैयारियां कैसी रहती हैं, सभी जानते हैं, विधानसभा और लोकसभा में बोले थे एकतरफा जीतेंगे। अब भी जीतने का दावा कर रहे हैं, हारने के बाद ईवीएम पर ही ठीकरा फोड़ेंगे।

### सीट खाली होने के बाद से चल रही तैयारी- बृजमोहन



*रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, बीजेपी उपचुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। जब से मैंने सीट खाली की है, तब से ही हमारी चुनाव की तैयारी चल रही है। आठ बार रायपुर दक्षिण की जनता ने हमें जीत दिलाई है, अगली बार भी बीजेपी की जीत होगी। कांग्रेस अब चुनौती नहीं है, जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में, अब हरियाणा में कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। पूरी ताकत लगाकर उपचुनाव में अपनी भूमिका निभाएंगे। बीजेपी का जो भी प्रत्याशी होगा, उसको जिताने के लिए कार्य करेंगे। महाराष्ट्र और झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा पूरे देश में मजबूत है, कांग्रेस के सपनों को हरियाणा ने चकनाचूर कर दिया।*

*संपति विरूपण पर कलेक्टर ने जारी की चेतावनी*

# उपचुनाव के दौरान केवल रायपुर दक्षिण में लागू होगी आचार संहिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की घोषणा भारत निर्वाचन आयोग ने कर दी है। अब सबसे बड़ा सवाल ये है कि आचार संहिता किस तरह लागू होगी? इस सवाल के जवाब में राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने हरिभूमि से कहा है कि आचार संहिता केवल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में ही लागू होगी। रीना कंगाले के मुताबिक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही आचार संहिता लागू हो जाती है। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संबंध में उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अब सरकारी खर्चों से किसी योजना का प्रचार नहीं किया जा सकेगा। सरकार की किसी कल्याणकारी योजना के संबंध में चुनाव होने तक प्रचार प्रसार नहीं किया जा सकेगा। आचार संहिता लागू रहने तक कोई भी शासकीय कार्यक्रम, उद्घाटन, शिलान्यास वगैरह भी नहीं हो सकता। सरकारी दफ्तरों में भी किसी तरह का राजनीतिक प्रचार नहीं हो सकेगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को वे आदर्श आचार संहिता से संबंधित मापदंड की जानकारी प्रसारित करेंगी। उल्लेखनीय है कि 18 अक्टूबर से दक्षिण सीट के लिए नामांकन होंगे। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

■ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने दी जानकारी

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिया ये निर्देश

उप-निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्र में किसी संपत्ति का विरूपण न हो। कलेक्टर ने मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों से लेकर विधानसभा क्षेत्र के सामुदायिक भवनों, स्वीमिंग पुल, लाइब्रेरी जैसी शासकीय परिसरों से भी सभी प्रकार की संपत्ति विरूपित करने वाले साधनों को समय-सीमा में हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। डॉ. सिंह ने संपत्ति विरूपित करने वाले लोगों के विरुद्ध तत्काल निर्धारित समय-सीमा में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने व विरूपण हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 08 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 32 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम भलेसर की मृतिका नीरा ध्रुव, ग्राम अमावश के मृतक प्रियांश जांगड़े तथा पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम राजपुर के मृतक सुरेंद्र बरिहा, ग्राम पंडरीपानी की मृतिका अनिता भोई, ग्राम छोटेलोरम के मृतक राजकुमार खड़िया के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सांप के काटने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बरनईडबर की नबिका उर्फ और सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अंबेडकर नगर 01 की प्रभाषिनी निराला तथा गाज गिरने से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड के ग्राम खैरखुटा के मृतका चंद्रमणि कोडाकू के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### बेसहारा वृद्धा के शव का किया गया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** स्थानीय नयापारा वार्ड 8 निवासी 65 वर्षीय वृद्धा पानो बाई मांझी का सामान्य बीमारी से घर पर मृत्यु होने की सूचना पर नगर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने मृतका का अंतिम संस्कार कार्य किया। मृतका पानो बाई मांझी नयापारा वार्ड 8 निवासी के दोनों पुत्र बाहर रहकर रोजी मजदूरी कर जीवन यापन करते है और उनके नहीं पहुंच पाने की स्थिति में परिजनों की सहमति से समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने मोहल्लेवासियों और महिला की बहुओं की उपस्थिति में उक्त महिला के शव का ससम्मान अंतिम संस्कार कार्य दलदली मार्ग स्थित मुक्तिधाम स्थल में किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्य डॉ जे शुक्ला, फगवा पटेल, ओमप्रकाश औसर, राजू चंद्राकर, मोहन बावनकर, डॉ एजाज नकवी, मनोज पटेल, गोपाल वर्मा, विजय ठाकुर, संजय साहू, गुमान चंद जैन, यादराम बंगाली, दिनेश साहू, बूंदा यादव, राजू सरोज, बोडो, बाबूलाल पटेल, बबलू नेताम आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री पटनायक के 79वें जन्मदिन पर किया गया रक्तदान

**नर्रा।** ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के 79वें जन्मदिन पर खरियार रोड़ नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने 111 यूनिट रक्त संचय हुआ। शिविर में ओडिशा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री योजना व समन्वय मंत्री एवं वर्तमान नुआपाड़ा विधायक राजेंद्र धोलकिया, अधिराज पानीग्रही, नुआपाड़ा के बीजद अध्यक्ष मनोज मिश्रा, जिला परिषद मेंबर अभिनी जोशी, जिला ब्लाक चेयरमैन तालेश्वरी साहू, धनी साहू, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष निशांत डागा, वार्ड नं 15 मोहन चेलक, शहर अध्यक्ष बीजू जनता दल खरियार रोड शेखर जैन, गोली तिवारी अध्यक्ष बीजू युवा जनता दल खरियार रोड, जिला ब्लाक उपाध्यक्ष दिलीप निर्मलकर, मनमीत सिंग गुरुदत्ता, लम्बोदर नियाल, डाली मांझी, कार्तिक दीप, कातिल दीप, कालिय मूर्ती, दीपिका दीप, सहित बोड़ेन आदि मौजूद रहे।

### सत्ता में आते ही भाजपा का किसान विरोधी चेहरा सामने आ गया:भूपेंद्र

**महासमुंद।** भाजपा की मौजूदा साय सरकार का किसान विरोधी चेहरा धीरे-धीरे सामने आने लगा है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव भूपेंद्र चंद्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि विगत दिनों विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से खबर आ रही है कि मौजूदा सरकार किसानों से धान खरीदी के नाम से छल करने जा रही है। फसल गिरदावरी के नाम से किसानों की भूमि के मेड़ के रकबा को काटकर धान खरीदी की जाएगी, जो की सरासर गलत है।





### हजारों महिलाओं ने कलश धारण कर नगर भ्रमण किया

# कलश यात्रा के साथ नगर में श्रीमद्भागवत कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



जिला पंचायत सभापति नवीन मिश्रा द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 16 से 23 अक्टूबर तक हो रहा है। इसमें बुधवार को शुभारंभ में ही ऐतिहासिक और भव्य तरीके से प्रारंभिक वेशभूषा में सज धज कर सिर में कलश लिए हजारों महिलाओं ने भक्तिमय संगीत ध्वनि से झूमते हुए श्रद्धा पूर्वक श्रीमद्भागवत कथा स्थल नगर भवन मैदान कसडोल पहुंचे। उत्तर प्रदेश बुलंद शहर के कथा वाचक पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज के नेतृत्व में नगर के कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भरकर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। इस बीच हजारों की संख्या में लोगों ने गाजे बाजे के साथ नाचते गाते, फौज फटाके से आतिशबाजी करते उमंग और काफी उत्साह लोगों में देखने को मिला।

# नगरीय निकाय के वार्डों में मतदाता पुनरीक्षण कार्य प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर पंचायत पलारी में वार्ड 1 से 15 तक मतदाता सूची मे नाम परिवर्धन संशोधन एवं विलोपन का कार्य 16 अक्टूबर से प्रारंभ हो गया है, जो 23 अक्टूबर तक निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन का कार्य बीएलो द्वारा सुबह 10 से शाम 5 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में किया जा रहा है। इसकी सूचना एक दिन पहले ही कार्यालय नगर पंचायत पलारी द्वारा नगर में आनाऊसमेंट कर जानकारी दी गई है। ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण होने पर आवश्यक दस्तावेज के साथ –नाम जुड़वाने संबंधित दस्तावेज आधार कार्ड या राशन कार्ड, जन्मतिथी त्रुटि है तो 5 वीं, 8वीं या 10वीं की अंकसूची नाम विलोपन हेतु दस्तावेज, मृत्यु प्रमाण पत्र, शादी या स्थानांतरण के लिए पंचनामा नाम संशोधित हेतु दस्तावेज, आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्मतिथी त्रुटि हेतु कोई एक अंकसूची 5वीं, 8वीं या 10वीं की प्रस्तुत कर सकते हैं।

मतदान केंद्र वीर शहीद युगल किशोर वर्मा शासकीय प्राथमिक शाला पलारी (किसान सदन) हेतु ड्यूटी लगे प्राधिकृत अधिकारी योगेश कुमार वर्मा वार्ड 1, चूड़ामणी कनौजे वार्ड 2, प्रेमनारायण देवांगन वार्ड 3, संतोष कुमार गेंडरे वार्ड 4, चन्द्रकुमार दीवान वार्ड 5, देव कुमार जांगड़े वार्ड 6, मतदान केंद्र वीर शहीद युगल किशोर वर्मा प्राथमिक शाला पलारी चन्द्रभूषण सिंह ध्रुव वार्ड 7, संतोष कुमार श्रेय वार्ड 8, योगेश कुमार भारती वार्ड 9, हरिश्चन्द्र साहू वार्ड 10, कमलेश कुमार पाल वार्ड 11, नागेश्वर ध्रुव वार्ड 12, नुरेंद्र कुमार वर्मा वार्ड 13, देवेंद्र कुमार ध्रुव वार्ड 14, चुरामन लाल सिन्हा वार्ड 15 में को इस कार्य के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

### यातायात, महिला थाना, पुलिस चौकी व अन्य मांगों को लेकर गृहमंत्री को पत्र प्रेषित



**सरायपाली।** क्षेत्र की विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे सरायपाली में महिला थाना, यातायात थाना, थाना परिसर एवं एसडीओपी पुलिस कार्यालय का आहता निर्माण, वाहन स्टैंड एवं पुलिस तथा अधिकारियों के लिए आवासीय परिसर का निर्माण करने के साथ-साथ ग्राम पंचायत गढ़फुलझर व बड़े साजापाली में पुलिस चौकी खोलने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रणवीर मेश्राम द्वारा प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा को पत्र प्रेषित किया गया है। मेश्राम ने पत्र में उल्लेख किया है कि पुलिस अधीक्षक महासमुंद द्वारा सरायपाली में यातायात थाना खोलने की अनुशंसा की जा चुकी है। वहीं महासमुंद जिले में महिला थाना भी नहीं है। सरायपाली जिले के अंतिम छोर पर बसा प्रमुख व्यावसायिक व राजनीतिक केंद्र बिंदु है। यहां दर्जनों केंद्रीय शिक्षण संस्थाएं, बैंकों की शाखाएं तथा प्रस्तावित जिला भी है। उन्होंने आगे लिखा है कि पुलिस एवं अधिकारी जर्जर भवनों में रह रहे हैं। परिसरों में अधिकारियों का आवास नहीं बना है और वे कार्यालय से काफी दूर निवास कर रहे हैं। इसके अलावा पर्यटन नगरी गढ़ फुलझर में प्रायः सभी मंत्री, मुख्यमंत्री, वरिष्ठ अधिकारी रामचंडी मंदिर में दर्शन करने जाते हैं। अतः वहां भी पुलिस चौकी की अत्यंत आवश्यकता है। मेश्राम ने उपरोक्त समस्त विषयों पर गृह मंत्री का ध्यानाकर्षण करते हुए इस दिशा में अतिशीघ्र संज्ञान लेने की मांग की है।

# वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष यूके बरिहा के निर्देशन में राजनीति विज्ञान परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई प्रभारी प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष हिंदी, विशिष्ट अतिथि डॉ झरना साव एवं एनके जगत मंचासीन थे। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं डॉ.भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति अंजली नाग द्वारा की गई। इस अवसर पर स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के द्वारा राजनीति विज्ञान के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया और राजनीति विज्ञान के माध्यम से प्रादेशिक, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं सामाजिक मामलों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि एनके जगत ने वर्तमान समय में राजनीति विज्ञान की उपयोगिता और भविष्य में पाए जाने वाले अवसर के बारे में विचार व्यक्त किया। डॉ.झरना साव ने राजनीति विज्ञान विषय के संबंध में अपनी रुचि को रेखांकित किया तथा राजनीति विज्ञान समाज का एक पथ प्रदर्शक होने के नाते उसकी उपयोगिता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है और आज राजनीति अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे यूके बरिहा ने राजनीति विज्ञान के उद्देश्य एवं सिद्धांतों को बहुत ही विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया तथा आगामी समय में महाविद्यालय में किए जाने वाले संगोष्ठी सेमिनार के बारे में अपनी विभाग की कार्य योजना को प्रस्तुत किया। भूतपूर्व




राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के जयंती मनाए जाने के बारे में बताया गया और भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अपने जीवन को शिक्षा और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। भारत को महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में उनकी बड़ी भूमिका थी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाया। उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में शिक्षा के प्रति महत्वपूर्ण कार्य किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई ने छात्र जीवन के संबंध में अपने विचार व्यक्त किया और छात्र जीवन में ज्ञान प्राप्त करने के लिए तीव्र इच्छा होनी चाहिए। ईश्वर अथवा गुरु के प्रति सच्ची आस्था होने पर ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है और कोई भी व्यक्ति स्वयं से अपेक्षा रखें तो जीवन में सफलता को अर्जित कर सकता है। डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा भारत में किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए महाशक्ति बनाने में उनके कार्यों की प्रशंसा की तथा छात्र-छात्राओं को उनके जैसा बनने के लिए प्रेरित किया। भारत के अनमोल रतन के रूप में डॉ. कलाम का योगदान महत्वपूर्ण है। पश्चात राजनीति विज्ञान के पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष नीरज कुमार निषाद, उपाध्यक्ष पायल साहू, सचिव सायबा बानो, सहसचिव सुमन मिरी, कोषाध्यक्ष झरना पटेल एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चैतन्य सिदार, सपना पटेल एवं रूपेश तांडी का चयन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. संध्या भोई ने मनोनीत पदाधिकारियों को राजनीति विज्ञान के उद्देश्य एवं सिद्धांत के बारे में पढ़कर शपथ ग्रहण कराया गया।

### ऑर्गन ने दी नई दिशा दृष्टिबाधित काशीराम ने बनाया मानस मंडली म्यूजिक बैंड



**महासमुंद।** जिले के मामाभांचा गांव के निवासी काशीराम कमार, जो शत-प्रतिशत दृष्टिबाधित दिव्यांग हैं, उन्होंने अपनी विकलांगता को कभी भी अपने सपनों को पूरा करने में बाधा नहीं बनने दिया। उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव उन्हें अपने जीवन की चुनौतियों का सामना करने में मदद करता रहा। वे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए अपनी आजीविका चलाते थे और ऑर्गन बजाने में निपुण हो गए थे, लेकिन उनके पास अपना ऑर्गन न होने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अपनी इस समस्या को हल करने के लिए काशीराम ने कलेक्टर को आवेदन दिया। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और आवश्यकता को समझते हुए कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को त्वरित रूप से ऑर्गन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विभाग ने तत्परता से काम करते हुए उन्हें ऑर्गन प्रदान किया। इस ऑर्गन ने काशी राम के संगीत सफर को नई दिशा दी। ऑर्गन प्राप्त करने के बाद काशीराम ने गांवों में संगीत कार्यक्रम आयोजित करने शुरू कर दिए, विशेष रूप से शादी के कार्यक्रमों में। इसके अलावा, उन्होंने मानस मंडली नामक एक ग्रुप तैयार किया, जो गांवों में रामायण कार्यक्रम प्रस्तुत करता है। इस ग्रुप को मानस मंडली म्यूजिक बैंड के रूप में पहचान मिली, जो अब विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति देते हुए अच्छी आमदनी कर रहे हैं और परिवार का भरण-पोषण कर पा रहे हैं।

# कबड्डी महिला में महासमुंद महाविद्यालय बना विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार लहरे के नेतृत्व में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की कबड्डी महिला टीम ने परिक्षेत्र स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया, जो कि शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 15 अक्टूबर को आयोजित था। टीम ने अपना पहले मैच में शासकीय महाविद्यालय पिथौरा को आसानी से हराकर जीत की शुरुआत की। सेमीफाइनल मैच में शासकीय महाविद्यालय बसना को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच शासकीय महाविद्यालय महासमुंद और शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा के मध्य खेला गया। जिसमें महासमुंद की महिला टीम विजयी रहीं। टीम के स्टार खिलाड़ी हसीना (कप्तान), प्रीति, चांदनी, पुष्पा, ज्योति, अंजनी, रामेश्वरी, दिव्यानी, पूर्णिमा रही। खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर राजस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। जिसमें महाविद्यालय से 03 खिलाड़ी हसीना, प्रीति व चांदनी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इसके लिए महाविद्यालय प्राचार्य एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

### मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का केंद्रीय अध्यक्ष चुनाव 20 को

**महासमुंद।** छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव लोकतांत्रिक प्रणाली से पंचायत चुनाव के तर्ज पर 20 अक्टूबर को होने जा रहा है। केंद्रीय सूचना प्रभारी ऋषि कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए विस्तारपूर्वक बताया कि पूरे समाज को 10 राज में विभाजित किया गया है। जिसमें सात राज्यों में राज प्रधान के लिए चुनाव होना है। वहीं धमधा एवं बलौदाबाजार राज में आरक्षण के चलते महिला राज प्रधान का चुनाव होना है। वहीं पूरे छत्तीसगढ़ में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। जिसमें 18 वर्ष से ऊपर के स्वजाति प्रत्यक्ष गुप्त मतदान करेंगे। जिसके लिए प्रत्येक गांव में बूथ बनाई जा रही है, पूरे प्रदेश में लगभग 5 लाख 75 हजार स्वजाति मतदाता अपनी मत का प्रयोग करेंगे। 20 अक्टूबर को होने जा रहा चुनाव सुबह 8 बजे से 3 तक चलेगा। आधा घंटा का विश्राम के बाद मतों का गणना मतदान अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। मतदान अधिकारी द्वारा मतपत्र लेखा एवं मतपेटी उसी दिन राज्य निर्वाचन कार्यालय में जमा करेंगे।

# आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलनः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष (पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक) विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने धमतरी के डीपीएस स्कूल में अध्ययनरत चंद्राकर समाज के छात्र के साथ ट्रेन में की गई मारपीट की घटना को अत्यंत निंदनीय बताते हुए शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग शासन-प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई तो चंद्राकर समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। चंद्राकर ने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि धमतरी डीपीएस स्कूल के 171 छात्र और 17 शिक्षक एडवेंचर ट्रेकिंग के लिए नैनीताल गए थे और घटना उस वक्त की है जब वे ट्रेन से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बच्चों के मामूली विवाद पर शराब के नशे में उनके साथ गए बाहरी व्यक्ति इंदौर निवासी माली राय द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हुए चंद्राकर समाज के छात्र से मारपीट की गई। साथ ही अन्य बच्चे के हाथों छात्र को चप्पल से पिटाई कराई गई, जो बेहद निंदनीय घटना है। चंद्राकर ने कहा कि डीपीएस स्कूल धमतरी का मालिक धीरज अग्रवाल 6-7 साल पहले ठेकेदारी का काम करता था।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

## पेज 11 के शेष...

### मतदाता सूची तैयार...

वार्डों में 3305 पुरुष व 3484 महिला कुल 6789 मतदाता, नगर पंचायत लवन के 15 वार्डों में 3347 पुरुष व 3480 महिला कुल 6827 मतदाता, नगर पंचायत कसडोल के 15 वार्डों में 5554 पुरुष व 5771 महिला कुल 11325 मतदाता, नगर पंचायत टुण्डरा के 15 वार्डों में 3643 पुरुष व 3445 महिला कुल 7088 मतदाता, नगर पंचायत रोहांसी के 15 वार्डों में 2440 पुरुष व 2528 महिला एवं 1 अन्य कुल 4969 मतदाता हैं।

### देवसुंद्रा स्कूल में...

बनने से निश्चित ही यहां के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। उपसरपंच ने कहा कि विद्यालय ज्ञान का मंदिर होता है ज्ञान से ही विकास संभव है। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानपाठक एलके करायत द्वारा प्राथमिक मिडिल एवं हाई स्कूल के बच्चों को न्योता भोज कराया तथा बालक मिडिल स्कूल के बच्चों को स्वयं के खर्च पे स्टूडेंट आई डी, टाई एवं बेल्ट का वितरण किया और बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मन लगाकर पढ़ने अपने माता –पिता का नाम रोशन करने की बात कही। इस अवसर पर रोहित जायसवाल संकुल प्राचार्य देवसुंद्रा, सुरेश पाणिग्रही सरपंच प्रतिनिधि, अयोध्या प्रसाद पांडे पंच खिलेश्वर साहू पंच, शशिकांत वर्मा भूषण देवांगन महेंद्र यादव अध्यक्ष शाला विकास समिति शशि वर्मा उपाध्यक्ष सविता धीवर रेखा वर्मा प्र.प्र.पा. कन्या मिडिल स्कूल, संदीप कुमार सुरतांगे प्र.पा. प्राथमिक शाला मंगतूराम वर्मा प्र. पा. कन्या आश्रम शाला, राजश्री मोरे केशरी लाल सरसिहा शशि कुमार सोनकेवरे सगुन सोनी शालिनी वैष्णव मधु सरसिहा कुमार गौरव साहू खूबचंद वर्मा शाला विकास समिति के सदस्यगण पंचगण एवं बड़ी संख्या में छात्र –छात्राएं उपस्थित थीं।

### पुरानी परम्परा को...

इसके लिए सभी पक्षों में सुलह के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में सभी समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे। ग्रामीणों ने आपस में एक राय होकर शांतिपूर्वक रहने का आश्वासन दिया हैं। साथ ही अपने–अपने समाज के नवयुवकों को समझाने का प्रयास करते हुए धैर्य से काम लेकर गांव की शांति व्यवस्था सदैव अग्रणी रहने हेतु समझाइश दी। बैठक में छगन नायक, गंजानंद जोशी, सूर्यकांत ताम्रकार, सरपंच जनक जोशी, राधेश्याम यदु, सुरेश साहू, तीरिथ राम ध्रुव, गंगाप्रसाद जोशी सहित सभी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। ग्रामीणों ने तहसीलदार के समक्ष गोठान में हुए अतिक्रमण को हटाने की बात कहीं, जिस पर तहसीलदार ने पटवारी से गोठान से अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मंदिरों और चबूतरों में लगाया जाएगा टाइल्स

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के भाठापारा में देवी मां मौली मंदिर परिसर, नवनिर्माण जगन्नाथ मंदिर परिसर, सहाड़ा देवता चबूतरा में टाइल्स ग्रेनाइट व स्टील ग्रील लगाने का कार्य कराया जाएगा। इसके लिए जारी नाप के दौरान इंजीनियर खुलेश साहू, पार्षद धर्मेंद्र यादव, द्रोणाचार्य साहू, भुनेश्वर साहू, डोमार पटेल आदि उपस्थित रहे।

### नशामुक्ति के तहत सांकरा में निकाली गई जागरुकता रैली

**महासमुंद।** शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक शाला सांकरा में खेल एवं युवा कल्याण के तत्वाधान में कूड़ो संघ द्वारा नशामुक्ति जागरुकता रैली अभियान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में समाज कल्याण के बैनर तले 15 अक्टूबर को चलाया गया। नशामुक्त भारत अभियान के तहत विकसित भारत मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र की थीम पर रैली निकाली गई। अभियान में जिले के खिलाड़ियों व विद्यालय के 90 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों, विद्यार्थियों व स्टॉफ ने लोगों को जागरुक करने के लिए नशामुक्ति रैली निकाली एवं नारों, बैनर के माध्यम से प्रचार प्रसार कर नशा से दूर रहना का संदेश दिया। आयोजित किया गया। इसमें खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, मीरा पंडा, दीपक निषाद, उपेंद्र प्रधान, प्रधानपाठक बिलासिनी दीप, पुष्पलता शुक्ला, संदीप चंद्राकर, सरोजिनी खटकर का सहयोग रहा।

### स्काउट-गाइड के मुख्य राज्य आयुक्त से मुलाकात

**महासमुंद।** स्काउट गाइड मुख्य राज्य आयुक्त एवं छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग पूर्व अध्यक्ष डॉ सोमनाथ यादव जिला महासमुंद स्काउट गाइड के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचे। जहां सर्किट हाउस में यादव समाज के प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया। जिसमें मुख्य रूप से राजू यादव राजनीतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, प्रीतम यादव जिलाध्यक्ष यादव समाज, डूमन यादव सरपंच बिहाझर, मनोज यादव जिला महासचिव, चरण यादव खल्लारी परिक्षेत्र अध्यक्ष, हेमलाल यादव, सारिका यादव महासमुंद, जनक प्रसाद यादव पूर्व उपसरपंच पतेरापाली, भानू प्रताप यादव, गैंदराम, गौतम यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी में मनाया गया किशोरी बालिका दिवस

**सरायपाली।** आंगनबाड़ी केंद्र कलेंडा में परियोजना अधिकारी नारंग के निर्देशन एवं सेक्टर छुईपाली के सुपरवाइजर चंद्रिका कुमार के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत किशोरी बालिका दिवस मनाया गया। सुपरवाइजर के मुख्य आतिथ्य एवं लेखा नागवंशी के विशिष्ट आतिथ्य में मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कलेंडा स्कूल से हाई एवं हायर सेकेंडरी के छात्राओं ने भाग लिया।

## निधन

### घनश्याम ध्रुव

**पलारी।** नगर पंचायत रोहांसी के प्रतिष्ठित नागरिक 39 वर्षीय



घनश्याम ध्रुव का गत दिनों निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या श्रद्धांजलि अर्पित करने नागरिक उपस्थित थे। वे थुनेश्वर व हर्षिता ध्रुव के पिता थे।

### दुकलहीन बाई

**बंगोली।** समीपस्थ ग्राम मूरा निवासी दुकलहीन बाई साहू पति



स्व.मंगलू साहू 79 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजातीय सहित अन्य लोग शामिल हुए। वह नारायण साहू, जनक, गिरवर , मुन्ना, राजेंद्र और मैना तथा शांति बाई, पुनिया बाई साहू की माता थीं।

# विभिन्न विषयों पर हुई वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखायी रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय विद्यालय खरोरा में मंगलवार को विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें एलीमेंट्री स्तर एवं सेकंडरी स्तर में मंथन मण्डल, वाद विवाद प्रतियोगिता विकसित भारत और इसकी रूपरेखा, एक राष्ट्र एक चुनाव 16 छात्र प्रतिभागी रहे। विद्या वैभव (ओलंपियाड) 123 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। डिजिटल क्वेस्ट में 15 छात्रों ने शिरकत की एवं स्थानीय स्थलों की खोज विषय पर 15 प्रतिभागी रहे। प्रतियोगिता कार्यक्रम संयोजक पुरुषोत्तम देवांगन के संयोजन में सम्पन्न कराई गई। मंथन मण्डल एलीमेंट्री स्तर एवं सेकंडरी स्तर में 16 प्रतिभागी, विद्या वैभव(ओलंपियाड) एलीमेंट्री स्तर में 39, सेकंडरी स्तर में 123, डिजिटल क्वेस्ट, एलीमेंट्री स्तर में 8, सेकंडरी स्तर में 7 एवं स्थानीय स्थलों की खोज एलीमेंट्री स्तर में 3, सेकंडरी स्तर में 12 प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसमें मंथन मण्डल एलीमेंट्री स्तर में (पक्ष) प्रथम जीशान मेमन कक्षा 6वीं, विपक्ष अदिति दक्षिणे कक्षा 7वीं, सेकंडरी स्तर में (पक्ष) प्रथम अनीस सेन कक्षा 12वीं, विपक्ष ईशा नायक कक्षा 12वीं, विद्या वैभव (ओलंपियाड) एलीमेंट्री स्तर में प्रथम भावना देशमुख कक्षा 6वीं, सेकंडरी स्तर में यशवंत देवांगन कक्षा 11वीं डिजिटल क्वेस्ट एलीमेंट्री स्तर में प्रथम धनराज साहू कक्षा 4थीं, सेकंडरी स्तर में यशवंत देवांगन कक्षा 11वीं एवं स्थानीय स्थलों की खोज



प्रतियोगिता एलीमेंट्री स्तर में सीरत मेमन कक्षा 6वीं, सेकंडरी स्तर में डोमिका साहू कक्षा 12वीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। प्रतियोगिता में विद्यालय के प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, कार्यक्रम संयोजक पुरुषोत्तम देवांगन, शाहीना परवीन, अमर बर्मन, कार्यक्रम प्रभारी सदस्य मंथन मण्डल से डोमार सिंह यादव, संगीता नायक, निशिता दीक्षित, अनिल कुमार साहू, आकाश परिहार,विद्या वैभव (ओलंपियाड) से जयंती साहू, प्रिया संघवी, पारुल रजोरिया, रूपशिखा साहू, सना करीम, डिजिटल क्वेस्ट से एमके साहू, गीतांजलि पान, कृतिका वर्मा, पावेत्री साहू, प्रीति मिश्रा, स्थानीय स्थलों की खोज में सी खरे, पावस पटेल, योगिता देवांगन उपस्थित थे।

## निरीक्षण : जांच में स्कूल पहुंची बीईओ की टीम, बगैर सूचना कई शिक्षक नदारद मिले

# ब्लॉक के स्कूलों में शिक्षकों की मानमानी आयी सामने

### अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

शिक्षा विभाग ने स्कूल प्रमुखों को चेतावनी देते हुए कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कमी पाए जाने पर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर प्रतिवेदन कार्यवाही के लिए उच्च कार्यालय को भेज दिया जाएगा।

इस पहल को सार्थक बनाने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा एस के गेंदले तथा किरण कुमार वर्मा विकास स्त्रोत समन्वयक ने विभिन्न शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसमें मुख्य रूप से शासकीय प्राथमिक शाला रिंगनी में कार्यरत 4 शिक्षकों में से 3 शिक्षक रोशन लाल गिलहरे प्रधान पाठक, लता टंडन सहायक शिक्षक, अमित बहादुर सिंह (लंबी अनुपस्थिति में है जिसकी जानकारी आवश्यक कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय में प्रतिवेदन भेजा चुका है) शालेय समय में बिना आवेदन के अनुपस्थित पाए गए। इन शिक्षकों के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं संतोषप्रद जवाब नहीं पाए जाने की स्थिति में एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की जायेगी। शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा में शाला की पढ़ाई का स्तर एफएलएन के अनुरूप पाया गया। कक्षा 3 एवं कक्षा 5 के छात्रों से मौखिक सवाल पूछने पर छात्र बहुत अच्छे से जवाब दे रहे थे। शाला प्रांगण शिक्षा के अनुकूल पाया गया तथा संस्था प्रमुख ताराचंद जायसवाल द्वारा जन सहयोग एवं पंचायत के सहयोग से शाला में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों (बाउंड्री वाल में तार फेंसिंग तथा किचन शेड का छत मरम्मत) को पूर्ण कराया गया है, जो निश्चित रूप से अन्य विद्यालय के लिए प्रेरणास्पद है। इस कार्य के लिए समस्त ग्रामवासी धन्यवाद के पात्र है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानीजरौद में त्रैमासिक परीक्षा का आयोजन शांति पूर्ण ढंग से होना पाया गया तथा कक्षा 3 के छात्रों से सामान्य जानकारी जोड़ना घटना हल कराने पर आसानी से हल कर पा रहे थे।




प्राथमिक शाला में पढ़ाई का स्तर अच्छा पाया गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन पकाने वाले रसोइयों को साफ सफाई में विशेष ध्यान देते हुए गुणवत्तायुक्त भोजन छात्रों को प्रदान करने के लिए निर्देश दिया गया। शासकीय हाई स्कूल आमाकोनी में त्रैमासिक परीक्षा उपरांत कक्षा 10 वीं के छात्रों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विभिन्न सत्य घटना पर आधारित कहानियों तथा अपने खुद के जीवन से जुड़े हुए घटनाओं के द्वारा पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया गया। हाई स्कूल आमाकोनी, फरहदा तथा हायर सेकंडरी स्कूल सुहेला के समस्त स्टाफ के साथ गत वर्ष बोर्ड परीक्षा के परिणाम पर समीक्षा बैठक ली गई, जिसमें छात्रों के पढ़ाई का स्तर सुधारने तथा इस वर्ष पिछले वर्ष से बेहतर करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इसमें प्रतिमाह समीक्षा बैठक ली जाएगी।

### प्राथमिक शाला फरहदा में एक शिक्षक मिला अनुपस्थित

शासकीय प्राथमिक शाला फरहदा में 3 शिक्षक कार्यरत है, जिसमें से 2 उपस्थित मिले 1 शिक्षक विमला बघेल 2 अक्टूबर से लगातार अनुपस्थित है, जिसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जवाब संतोष प्रद नहीं मिलने पर वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी। माध्यमिक शाला फरहदा में 4 शिक्षक कार्यरत है। सभी शिक्षक अपने कर्तव्य पर उपस्थित पाए गए तथा सभी शिक्षकों द्वारा शिक्षक डेली डायरी का संधारण नियमित रूप से किया जाना पाया गया। इसी प्रकार नियमित रूप से सिमगा विकासखंड में विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारियों तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक द्वारा लगातार शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया जायेगा।

## गुपचुप बेचने वाले ने स्कूल को दान किया सीलिंग फेन



■ पुण्य का कार्य करने वाले युवा ने मानव समुदाय के लिए पेश की मिशाल

**खरोरा।** गुपचुप बेचने वाला युवक अपने घर परिवार के लिए अपनी मां को आमदनी में से राशि प्रदान करता है, अपने खर्च के लिए कुछ राशि रखता है और उसी राशि में से कुछ अंश परमार्थ के लिए रखता है। इसी परमार्थ को परिलक्षित करते हुए पूर्व वर्ष की भांति बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला बरडीह, संकुल घिवरा के प्रधानपाठक भेषकुमार महिलांग को संकुल समन्वयक कैलाश बघेल के सानिध्य में 1 सेट सीलिंग पंखा प्रदान किया।

### स्कूल प्रबंधन ने जताया आभार

*प्रधानपाठक महिलांग सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने इसके लिए तरुण गुप्ता का आभार व्यक्त किया। संकुल समन्वयक ने युवक तरुण गुप्ता के सोच को सलाम करते हुए कहा कि इस तरह के नेक विचार और पुण्य का कार्य करने वाले गरीब तबके के युवा निश्चित रूप से मानव समुदाय के लिए मिशाल है। जिसके सोच के सामने उसकी आर्थिक स्थिति भी रुकावट पैदा कर पाने में असफल साबित हो रहा है। तरुण गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने शक्ति अनुसार पुनः एक छोटा सा नेक कार्य करते हुए बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और भविष्य में भी इस तरह के कार्य के लिए तत्पर रहने का सदैव प्रयासरत रहूंगा।*

## ऑन लाइन फ्राड से बचने का छात्राओं ने जाना तरीका





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

भटगांव थाना प्रभारी एवं साइबर प्रभारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं उनकी टीम ने कन्या शाला में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत छात्रों को व शिक्षकों की उपस्थिति में ऑनलाइन फ्रॉड सायबर फ्राड जागरूकता अभियान के तहत डायल 1930 के उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। फेसबुक प्राइवेसी सेटिंग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले ओटीपी पूछ कर ठगी करने की शिकायतें ज्यादा आती थी, लेकिन वर्तमान में डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटारशन और शेयर मार्केटिंग ऑनलाइन ट्रेडिंग, यातायात के संबंध में, अभिव्यक्ति एप के माध्यम से महिलाएं अपनी गोपनीय शिकायतें पुलिस तक सीधे पहुंचने की बात कही। इसके अलावा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत उपस्थित बच्चों को 100 मीटर दौड़, स्लो साइकिल रेस का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चियों द्वारा बड़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्लो साइकिल रेस में प्रथम स्थान नेहा साहू, द्वितीय दीप्ति साहू, तृतीय काजल साहू, फर्राटा दौड़ में प्रथम दुजकुमारी, द्वितीय. गौरी और तीसरे में काजल ने स्थान प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड व कॉपी पेन एवं नकद राशि से पुरस्कृत किया गया।

■ पुलिस ने कन्या शाला में लगाया जागरूकता शिविर



## दशहरा पर पैजनी में राम-रावण युद्ध का हुआ मंचन

**मुंडा।** ग्राम पैजनी में इस वर्ष भी मंगलवार को दशहरा पर्व में 25 फीट रावण पुतला का दहन किया गया। शाम होते ही समिति के सभी सदस्यों की उपस्थिति में राम–रावण युद्ध का मंचन किया गया और आतिशबाजी के साथ रावण का पुतला दहन कर शोभा यात्रा निकालकर गांव में भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर पैजनी के सरपंच हलधर प्रसाद वर्मा, मुकेश वर्मा, बसंत वर्मा प्रेमलाल वर्मा, रामकुमार वर्मा रेशम लाल वर्मा, लखन दिनेश गोवर्धन, योगेश, चंद्रप्रकाश, किशोर साहू, उतरा यदु, संतोष, कशू साहू, प्रहलाद वर्मा, रामदयाल लोहार, अनिल वर्मा, जीधन वर्मा, रामकृष्ण, काशीराम यदु सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## ग्रामीण ने छात्रों को बांटे निःशुल्क स्कूल बैग



**हिरमी-रावन।** सिमगा ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पंचायत भालेसुर के प्राथमिक शाला स्कूल में बच्चों को मोहरा निवासी जवाहरलाल वर्मा द्वारा निःशुल्क बैग का वितरण किया गया। उन्होंने स्कूल बच्चों की उज्ज्वल भविष्य से कामना करते हुए अच्छे नंबरों से आगे बढ़ने की बात कहते हुए भविष्य में सभी स्कूली बच्चों के लिए कॉपी पेन के अलावा गणवेश जैसे संबंधों में सहयोग प्रदान करने की बात कहीं। इस अवसर पर प्रधान पाठक बीआर ध्रुव, सचिव नेतराम यादव, महेश नरेंद्र डहरिया, जवाहर वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## रास गरबा के प्रतिभागी स्मृति चिन्ह से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत स्थित पब्लिक स्कूल ने रास गरबा का आयोजन किया, जहां नगर के स्कूली बच्चे से लेकर महिलाएं, पार्षद, पत्रकार, भाजपा एवं कांग्रेस नेता नाचते झूमते नजर आए। कार्यक्रम की शुरुवात नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप देवांगन एवं अन्य अतिथियों ने किया। यह आयोजन भटगांव नगर के लिये एक रोचक रहा, क्योंकि इस प्रकार का कार्यक्रम अक्सर शहरों में आयोजित किया जाता है। स्कूल के चेयरमैन नेहा साहू, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं टीम के प्रयास से 2 दिन का भव्य व ऐतिहासिक रास गरबा कार्यक्रम संभव हो सका। कार्यक्रम के दौरान बिलाईगढ़ विधानसभा के विधायक कविता प्राण लहरे कार्यक्रम शामिल होकर रास गरबा के प्रेमियों को बधाई दी। रास गरबा के सभी प्रतिभागियों को आयोजक समिति की ओर से स्मृति चिन्ह दिया गया।



## स्वयंसेवकों ने शिविर में किया रक्तदान




**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने बुधवार को महाविद्यालय में समर्पण सेवा समिति रायगढ़ के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शासकीय महाविद्यालय के कमरा नंबर 3 में आयोजित शिविर में एनएसएस के स्वयं सेवक ब्यास नारायण, मंजीत सिंह, विष्णुदेव नेताम, दीपक साहू, प्रशांत, सुमीत, सत्यनारायण सहित कुल 10 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। वही संस्था द्वारा बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं स्वल्पाहार दिया गया। इस मौके संस्था के प्राचार्य सुनीता विक्रम कोसले, सीएचसी बिलाइगढ डॉ. प्रकाश कुर्रे, पैथोलॉजिस्ट डॉ निहार गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी तुलेश्वर ध्रुव उपस्थित थे।

## पेंशनरों का श्रीफल, साल, गुलदस्ता एवं मिठाई भेंट कर किया सम्मान

# एसबीआई ने मनाया पेंशन शिकायत निवारण सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भारतीय स्टेट बैंक शाखा भाटापारा द्वारा पेंशन शिकायत निवारण सप्ताह के अंतर्गत शाखा प्रबंधक सुबोध कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं रघुनाथ प्रसाद पटेल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के मुख्य आतिथ्य में बैठक आयोजित कर समस्या निवारण के लिए चर्चा की गई। शाखा प्रबंधक के साथ उनके स्टाफ सदस्य पूजा बर्मन क्षेत्राधिकारी, हेमलता मिरे लेखपाल, मीरा बंजारे रोकड़ अधिकारी, राकेश मनहरे रोकड़ सहायक द्वारा उपस्थित पेंशनरों का श्रीफल, साल , गुलदस्ता एवं मिठाई भेंट कर सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि वर्षों से स्टेट बैंक की मुख्य शाखा द्वारा छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के पेंशनरों का सम्मान कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होते आ रहा है। इसके लिए संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष दिलीप सिंह बिसेन ने बैंक स्टाफ के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। सम्मानित पेंशनरों में सर्वश्री उमराव श्री रात्रे, कमल नारायण यदु, अशोक पंत, कृष्ण कुमार वर्मा, एसडी मानिकपुरी, गणेशाराम वर्मा, प्रकाश जाधव, ढाल सिंह ठाकुर, शिवकुमार वर्मा, संतोष शर्मा, जय लाल कश्यप, उत्तम तिवारी, गिरधारी लाल वर्मा, परेटन लाल साहू, रमेश कुमार वर्मा, आशाराम अनंत, बाबूलाल निषाद, एचएल महिलांग, गणपत वर्मा, नारायण निर्मलकर, नरेंद्र वर्मा एवं महेश प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक द्वारा पेंशनरों की समस्याओं से रूबरू होते हुए उनके त्वरित निदान का उपाय भी बताया। उन्होंने पर्सनल पेंशन लोन के लिए भी प्रेरित किया। पेंशन प्राप्ति के समय उम्र दराज अस्वस्थ पेंशनरों को प्राथमिकता के आधार पर उनके पेंशन का भुगतान शीघ्र करवाएं जाने का आश्वासन भी शाखा प्रबंधक श्री सुबोध कुमार सिंह ने दिया। पेंशनरों की ओर से अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल, दिलीप सिह बिसेन, अशोक पंत, ढाल सिंह ठाकुर, कमल नारायण यदु एवं प्रकाश जाधव ने सभा को संबोधित किया। अंत में शाखा प्रबंधक ने सभी पेंशनरों के प्रति उनके सम्मान को स्वीकार किए जाने एवं पेंशन शिकायत निवारण सप्ताह कार्यक्रम को सफल बनाए जाने धन्यवाद ज्ञापित किया।




online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशि:- स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411